**(GCF-1, 3, 4, 5, 6, 7+7A, 8+8A, 9, VCF-1,2, ACF-1,2, JCF-1)**

**DATE: 17.10.2023** **MAXIMUM MARKS: 100** **TIMING: 2 Hours**

## ECO & BCK

1. तटस्थता वक्र विश्लेषण की मान्यता नही है।
   (a) तटस्थता वक्र दॉयी ओर ऋणात्मक ढाल वाली होती है।
   (b) तटस्थता वक्र मूल बिन्दू की ओर उर्द्धवगामी ढाल के होते है।
   (c) तटस्थता वक्र आपस में एक दूसरे को नही काटते।
   (d) एक उच्च तटस्थता वक्र निम्न तटस्था वक्र की तुलना में अधिक संतुष्टि बताता है।

2. सामान्यतः फलन बताता है।
   (a) दो चरो के मध्य भौतिक संबंध
   (b) उत्पादन के साधनों में संयोग
   (c) पैमानें की बचतें
   (d) भौतिक साधनों व उत्पादन में संबंध

3. औसत लागत वक्र तथा औसत परिवर्तनशील लागत वक्र न्यूनतम बिंदु पर कौनसा वक्र काटता है–
   (a) सीमान्त लागतवक्र
   (b) औसत स्थिर लागत वक्र
   (c) औसत परिवर्तनशील लागत वक्र
   (d) कोई नहीं

4. फर्म के उत्पादन का कुशलत्तम स्तर होता है, जहाँ :–
   (a) MC न्यूनतम हो
   (b) AVC न्यूनतम हो
   (c) AFC न्यूनतम हो
   (d) AC न्यूनतम हो

5. यदि एक वस्तु की मांग की लोच पूर्णतः बेलोचदार हो तो निम्न में से कौन सा कथन असत्य है–
   (a) वह वस्तु अत्यंत आवश्यक होनी चाहिए जिसे खरीदा गया है
   (b) उस वस्तु के कई स्थानापन्न होने चाहिए
   (c) उस वस्तु को उसकी कीमत में वृद्वि के कारण न खरीदा गया हो
   (d) उस वस्तु की मांग की लोच 0 के बराबर होनी चाहिए

6. कौन सा वक्र U आकार का नहीं होता है
   (a) TFC वक्र
   (b) AVC वक्र
   (c) AC वक्र
   (d) MC वक्र

7. किस बाजार के अन्तर्गत उपभोक्ताओं को वस्तु की कई किस्में प्राप्त होती है :–
   (a) पूर्ण प्रतियोगिता
   (b) एकाधिकारी
   (c) द्वैयाधिकार
   (d) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता

Mittal Commerce Classes Pvt. Ltd.

8. मूल्य नेतृत्व अल्पाधिकार के किस प्रकार में पाया जाता है?
   (a) पूर्ण अल्पाधिकार
   (b) आंशिक अल्पाधिकार
   (c) सिंडीकेट अल्पाधिकार
   (d) संगठित अल्पाधिकार

9. पूर्ण प्रतियोगिता बाजार के अन्तर्गत पूर्ति वक्र होता है–
   (a) औसत लागत वक्र
   (b) औसत परिवर्तनशील लागत वक्र
   (c) सीमान्त लागत वक्र
   (d) औसत आगम वक्र

10. दीर्घकालीन औसत लागत वक्र का दुसरा नाम होता है–
   (a) लाभ वक्र
   (b) नियोजन वक्र
   (c) मांग वक्र
   (d) उदासीनता

11. सीमान्त उपयोगिता
   (a) हमेशा धनात्मक रहती है
   (b) हमेशा ऋणात्मक रहती है
   (c) धनात्मक या ऋणात्मक हो सकता है परन्तु शुन्य नहीं हो सकता है
   (d) धनात्मक, ऋणात्मक या शुन्य में से कुछ भी हो सकता है

12. जब माँग और पूर्ति दोनों में समान अनुपातिक कमी हो, तब साम्य मूल्य––––––––होगा।
   (a) स्थिर
   (b) बढ़ेगा
   (c) गिरेगा
   (d) इनमें से कोई नहीं

13. पूर्ण प्रतियोगिता में दीर्घकाल में एक फर्म –
   (a) सामान्य लाभ कमाती है
   (b) असामान्य लाभ कमाती है
   (c) हानि होती है
   (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

14. एकाधिकारी उत्पाद में मांग की मूल्य लोच होगी–
   (a) अपरिमित
   (b) इकाई से ज्यादा
   (c) इकाई से कम
   (d) शून्य

15. अल्पाधिकार के मोड़दार मांगवक्र विचारधारा में मोड़–––––––––के कारण बनता है
   (a) वर्तमान मूल्य
   (b) भूतकालीन मूल्य
   (c) वर्तमान मूल्य से कम
   (d) उद्गम

Mittal Commerce Classes Pvt. Ltd.

16. व्यापार चक्र का अर्थ है।
    (a) किसी वस्तु के उत्पादन में उतार–चढाव
    (b) किसी निश्चित समय में एक अर्थव्यवस्था में होने वाले उच्चावन
    (c) एक लम्बी अवधि तक अर्थव्यवस्था में गिरावट का आना
    (d) बेरोजगारी दर में वृद्धि व बचत की दर में कमी

17. व्यापार चक्र में सबसे निम्नतम बिन्दु कहलाता है।
    (a) विस्तार
    (b) पुनुरूत्थान
    (c) तेजी
    (d) मंदी

18. मंदी के समय बेरोजगारी दर————————तथा उत्पादन————————है।
    (a) बढती, घटता
    (b) बढती, बढता
    (c) घटती, बढता
    (d) घटती, घटता

19. व्यापार चक्रो के विभिन्न चरणः–
    (a) समान समय अन्तराल पर उत्पन्न नही होते और ना ही निश्चित समय के लिए होते है
    (b) तेजी का चरण कम से कम 10 वर्षो का होता है
    (c) अल्पकाल में इनका समाप्त होना संम्भव नही है
    (d) उपरोक्त में से कोई नही

20. सर राबर्ट गिफिन दो अन्य वस्तुओं के साथ कीमत का संबंध देखकर आश्चर्यचकित था, वे थी :–
    (a) रोटी व चावल
    (b) मांस व चावल
    (c) रोटी व मांस
    (d) पनीर व मांस

21. उपभोक्ता व्यवहार सिद्धान्त का आधार है–
    (a) उत्पादन परिकल्पना
    (b) उपयोगिता परिकल्पना
    (c) लागत परिकल्पना
    (d) (a) व (c) दोनों

22. सीमान्त उपयोगिता किसी भी वस्तु की मात्रा पर निर्भर होती है तथाः
    (a) कुल उपयोगिता के विपरीत अनुपात के होती है
    (b) कुल उपयोगिता के विपरीत अनुपात नही होती है
    (c) मात्रा में स्वतंत्र होती है
    (d) उपरोक्त में से कोई नही

23. वह समयावधि जिसमें पूर्ति को बढाया ना जा सकें कहलाती है?
    (a) बाजार अवधि
    (b) अल्पकाल
    (c) दीर्घकाल
    (d) उपरोक्त में से कोई नही

Mittal Commerce Classes Pvt. Ltd.

24. व्यवहारिक नियम के अनुसार
    (a) एम फर्म तब तक उत्पादन नहीं करेगी जब तक की वह परिवर्तनशील लागतों को प्राप्त नहीं कर लेती
    (b) लाभ अधिकतमकरण वहॉ पर होता है जहॉ MR = MC होता है
    (c) (a) व (b) दोनों
    (d) कोई भी नहीं

25. केता एकाधिकार का अर्थ है–
    (a) जहॉ बहुत सारी फर्मे हो
    (b) जहॉ केवल एक ही केता हो
    (c) जहॉ थोड़ी सी फर्मे हो
    (d) एक केता व एक विकेता हो

26. निम्न में से कौनसा व्यापार चक्र का चरण नहीं है–
    (a) समृद्धि
    (b) तेजी
    (c) पुर्ननिर्माण
    (d) मंदी

27. व्यवसाय चक्र का आन्तरिक कारण है।
    (a) समग्र मॉग में उच्चावचन
    (b) तकनीकी झटके
    (c) दोनों
    (d) कोई भी नहीं

28. निम्न में से कौनसा 1930 की आर्थिक मंदी से संबंधित नहीं है।
    (a) यह अमेरिका से प्रारंभ हुई
    (b) केन्स के अनुसार इसका कारण समग्र मॉग में कमी था
    (c) मुद्रा की अधिक मात्रा
    (d) (a) व (b) दोनों

29. निम्न में से कौन अग्रणी संकेतक के बारे में सही है।
    (a) उतार चढ़ाव से पहले बदलते हैं
    (b) उतार चढ़ाव के बाद बदलते हैं
    (c) दोनों
    (d) कोई भी नहीं

30. बाजार अर्थव्यवस्था में उत्पादन क साधनों पर नियंत्रण होता है
    (a) सरकार का
    (b) निवेशकों का
    (c) निजी क्षेत्र का
    (d) कोई भी नहीं

31. निम्न में से कौनसा बाजार काल्पनिक है।
    (a) एकाधिकार
    (b) अल्पाधिकार
    (c) विभेदात्मक एकाधिकार
    (d) पूर्ण प्रतियोगिता

Mittal Commerce Classes Pvt. Ltd.

32. निम्न में से कौनसा कथन सही है।
    (a) कीमत लोच इस बात का अध्ययन करता है कि कीमत में आनुपातिक परिवर्तन से माँग में कितना आनुपातिक परिवर्तन होता है
    (b) कीमत लोच को मापने के लिए माँग में प्रतिशत परिवर्तन में कीमत के प्रतिशत् परिवर्तन का भाग दिया जाता है
    (c) कीमत लोच अल्पकाल व दीर्घकाल में भिन्न–भिन्न होती है
    (d) उपरोक्त सभी

33. निम्न में से कौनसा कथन सत्य है?
    (a) साख्यिकी विधि के माध्यम से माँग का सटीक पूर्वानुमान संभव है
    (b) किसी वस्तु के अधिक स्थानापन्न होने से उस वस्तु की माँग अधिक लोचदार होती है
    (c) मक्खन की माँग पूर्णतयः लोचदार होती है
    (d) स्वर्ण आभूषणों की आय लोच ऋणात्मक होती है

34. पूर्ण प्रतियोगिता बाजार में अल्पकाल में लाभ की शर्त है।
    (a) ATC> MC
    (b) ATC<MC
    (c) MR.<AR
    (d) MR>AR

35. उत्पाद विभेदीकरण किसी बाजार में पाया जाता है।
    (a) पूर्ण प्रतियोगिता
    (b) एकाधिकार
    (c) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता
    (d) कोई भी नहीं

36. एकाधिकार बाजार का माँग वक्र––––––––––होता है।
    (a) नीचे गिरता हुआ
    (b) क्षैतिज
    (c) ऊपर चढ़ता हुआ
    (d) लम्बवत्

37. अर्थव्यवस्था के आधारभूत ढाँचे में परिवर्तन से उत्पन्न बेरोजगारी कहलाती है।
    (a) स्वैच्छिक
    (b) घर्षणात्मक
    (c) छिपी हुई
    (d) संरचनात्मक

38. घर्षणात्मक बेरोजगारी किस अवस्था में पायी जाती है
    (a) विस्तार
    (b) तेजी
    (c) अवसाद
    (d) मंदी

39. Certris peribus का अर्थ है
    (a) माँग स्थिर है
    (b) पूर्ति स्थिर है
    (c) अन्य बाते स्थिर है
    (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

Mittal Commerce Classes Pvt. Ltd.

40. नमक की माँग बेलोचदार है क्योंकि
    (a) इसके स्थानापन्न नहीं है
    (b) इसके बिना खाना स्वादहीन है
    (c) इसकी कीमत कम है
    (d) उपरोक्त सभी

41. किसी वस्तु की माँग अधिक लोचदार होगी यदि–
    (a) इसके स्थानापन्न ना हो
    (b) इसके स्थानापन्न हो
    (c) वस्तु अनिवार्य हो
    (d) यह जीवन रक्षक हो

42. यदि बर्गर की कीमत 12 रुपये से बढ़कर 20 रुपये हो जाने पर माँग 300 से 200 रह जाए तो मूल्य लोच ज्ञात करे
    (a) 0.5
    (b) 0.8
    (c) 0.25
    (d) 2.10

43. मुड़ाव के बिन्दु पर कुल उत्पत्ति का ढाल होता है–––––––
    (a) बढ़ती हुई होती है
    (b) घटती हुई होती है
    (c) अधिकतम होती है
    (d) ऋणात्मक होती है

44. बढ़ती प्रत्याये क्यों लागू होती है
    (a) स्थिर साधनों की अविभाज्यता के कारण
    (b) परिवर्तनशील साधनों की कार्यकुशलता
    (c) सही संयोग होने के कारण
    (d) उपरोक्त सभी

45. आन्तरिक मित्व्यताऐं व हानियां उत्पन्न होती है
    (a) जब सम्पूर्ण उद्योग बदलता है
    (b) जब फर्म में परिवर्तन होता है
    (c) दोनों
    (d) कोई भी नहीं

46. सही कथन की पहचान कीजिए
    (a) जब MP व AP वक्र समान होते हैं, तब AP अधिकतम होता है
    (b) पैमाने के वर्द्धमान प्रतिफलो का कारण साधनों के अनुपात में परविर्तन है
    (c) साधनों के अविभाज्यता के कारण ही पैमाने की बचते प्राप्त होती है
    (d) आन्तरिक बचते केवल र्नियातको को ही प्राप्त होती है

47. उत्पादन बंद करो बिन्दु है
    (a) Price is less than average variable cost
    (b) Price is more than the average variable cost
    (c) Price is equal to fixed cost
    (d) Price is more than the average fixed cost

Mittal Commerce Classes Pvt. Ltd.

48. अर्थशास्त्र है।
   (a) एक सटीक विज्ञान
   (b) सटीक विज्ञान नही है
   (c) विज्ञान ही नही है
   (d) उपरोक्त में से कोई नही

49. आर्थिक नियम होते है–
   (a) सटीक
   (b) विशिष्ट मान्यताओं पर आधारित
   (c) अनिवार्य
   (d) सरकार द्वारा शक्ति से परिवर्तनीय

50. वास्तविक व आदर्श मूलक अर्थशास्त्र में अन्तर है।
   (a) वास्तविक अर्थशास्त्र अर्थव्यवसाय के प्रदर्शन की व्याख्या करता है जबकि आदर्श मूलक अर्थशास्त्र में अर्थव्यवसाय के बुरे प्रदर्शन के कारणों की व्याख्या करता है।
   (b) वास्तविक अर्थशास्त्र अर्थव्यवस्था के वास्तविक तथ्यों की व्याख्या करता है जबकि आदर्श मूलक अर्थशास्त्र इस बात की जॉच करता है अर्थव्यवस्था के लोगों के लिए क्या चीज अच्छी है और क्या बुरी।
   (c) आदर्श मूलक अर्थशास्त्र अर्थव्यवस्था के वास्तविक तथ्यों का अध्ययन करता है जबकि वास्तविक अर्थशास्त्र अर्थव्यवस्था के लिए क्या अच्छा व क्या बुरा है कि व्याख्या करता है।
   (d) इनमें से कोई नहीं।

निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िये तथा प्रश्न 51–52 के उत्तर दिजिए।
राधिका का अपना एक छोटा पेन बनाने का कारखाना है। वह प्रति वर्ष पेन के 1,000 पीस बना सकती है तथा उन्हें प्रत्येक 400 रू. में बेचती हैं। पेन बनाने के 1,000 पीस के उत्पादन के लिए राधिका की कच्चे माल की लागत 35,000 रू. आती हैं। उसने अपने कारखाने व उपकरण में 2,00,000 रू. अपनी बचतों से 1,50,000 रू. तथा 10 प्रतिशत ब्याज पर उधार लेकर 50,000 रू. लगाये हैं (मान लीजिए कि वह 30 प्रतिशत पर अपने धन को उधार भी दे सकती थी)। राधिका प्रति वर्ष 80,000 रू. पर प्रतियोगी पेन बनाने का कारखाने में कार्य कर सकती हैं।

51. राधिका के पेन बनाने का कारखाने में लेखांकन लाभ है–
   (a) 3,00,000 रू.
   (b) 4,60,000 रू.
   (c) 3,60,000 रू.
   (d) 3,75,000 रू.

52. राधिका के कारखाने में आर्थिक लाभ है–
   (a) 3,50,000 रू.
   (b) 2,50,000 रू.
   (c) 2,35,000 रू.
   (d) 2,40,000 रू.

53. निम्नलिखित में से कौन आदर्शमूलक अर्थशास्त्र के क्षेत्र में आता है?
   (a) विभिन्न व्यक्तियों के बीच राष्ट्रीय आय कैसे वितरित की जाती है?
   (b) श्रम बाजार में एक क्रेताधिकार के तहत् कौन सी वास्तविक मजदूरी दर निर्धारित की जाती है?
   (c) मजदूरों को क्या मजदूरी दी जाए ताकि उनका शोषण न हो?
   (d) इनमें से कोई नहीं

54. सूक्ष्य अर्थशास्त्र के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?
    (a) सूक्ष्म अर्थशास्त्र अर्थव्यवस्था का उसकी समग्रता में अध्ययन करता है।
    (b) सूक्ष्म अर्थशास्त्र में हम अर्थव्यवस्था का सूक्ष्म अध्ययन करते हैं।
    (c) सूक्ष्म अर्थशास्त्र उद्योगों और फर्मो के बीच कुल उत्पादन के विभाजन और प्रतिस्पर्धा उपयोगों के बीच संसाधनों के आवंटन से संबंधित है।
    (d) (b) और (c) दोनों

55. यदि मौलिक आर्थिक निर्णय लेने और इस प्रकार उत्पादक संसाधनों को आवंटित करने के लिए कोई केन्द्रीय नियोजन प्राधिकरण नहीं है, तो मुक्त उद्यम या पूंजीवादी अर्थव्यवस्था अपनी केन्द्रीय समस्याओं को कैसे हल कर सकती है?
    (a) ईश्वरीय शक्ति के माध्यम से
    (b) औद्योगिक समूहों द्वारा लिए गए निर्णय के आधार पर
    (c) मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था अपनी केन्द्रीय समस्याओं को हल करने के लिए बाजार की अवैयक्तिक शक्तियों को उपयोग करती है
    (d) इनमें से कोई नहीं

56. संयुक्त राज्य अमेरिका, ग्रेट ब्रिटेन और अन्य पश्चिमी यूरोपीय देशों का औद्योगीकरण और आर्थिक विकास————————की स्थिति के तहत् हुआ है।
    (a) समाजवाद और नियोजित संरचना
    (b) पूंजीवाद और निर्बाध
    (c) मिश्रित आर्थिक संरचना
    (d) इनमें से कोई नहीं

57. समाजवादी अर्थव्यवस्था के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?
    (a) उत्पादन नियोजित या समन्वित है और व्यापार चक्र से ग्रस्त है
    (b) व्यापार चक्र से उत्पादन प्रभावित होता है
    (c) उत्पादन की नियोजित और व्यापार चक्र से ग्रस्त नहीं है
    (d) इनमें से कोई नहीं

58. निम्नलिखित में से कौन मिश्रित आर्थिक प्रणाली की योग्यता है/हैं?
    (a) लाभ कमाने में सक्षम उद्यमी
    (b) असमानता को कम करने के लिए प्रगतिशील कर
    (c) सार्वजनिक वस्तुओं का सरकार का प्रावधान
    (d) उपरोक्त सभी

59. यदि किसी वस्तु की आपूर्ति की मात्रा में कमी होती है, तो
    (a) समान आपूर्ति वक्र पर ऊपर की ओर गति
    (b) आपूर्ति वक्र में दाहिनी और स्थानांतरण
    (c) समान आपूर्ति वक्र पर नीचे की ओर गति
    (d) आपूर्ति वक्र में बाईं और स्थानांतरण

60. उत्पादन की कोई नई तकनीक कागज के उत्पादन की सीमांत लागत को कम करती है। यह लेखन सामग्री जैसे नोटबुक, रजिस्टर और नोटपैड आदि के आपूर्ति वक्र को कैसे प्रभावित करेगा?
    (a) समान आपूर्ति वक्र पर ऊपर की ओर गति
    (b) समान आपूर्ति वक्र पर नीचे की ओर गति
    (c) आपूर्ति वक्र में बाईं ओर स्थानांतरण
    (d) आपूर्ति वक्र में दायीं और स्थानांतरण

61. बोली किसका विलोम शब्द है।
    (a) Ask/offer
    (b) Call
    (c) Equity
    (d) उपरोक्त में से कोई नही

62. भारत में ITC के शैक्षणिक व स्टेशनरी उत्पादन किस नाम से बेचे जाते है।
    (a) केमल
    (b) अफ्सरा
    (c) नटराज
    (d) क्लासमेंट

63. आयातों के संबंध में व्यापारिक प्रतिबंधो को समाप्त करना कहलाता है–
    (a) वैश्वीकरण
    (b) निजीकरण
    (c) विनिवेश
    (d) समेकन

64. निम्नलिखित में से कौन सा कथन FPI के बारे में सही नहीं है–
    (a) प्रकृति में सट्टा
    (b) जिस देश में निवेश होता है, वहां के आउटपुट, रोजगार, वेतन स्तर आदि में वृद्धि
    (c) प्रबंधन या नियंत्रण में कोई रुचि नहीं
    (d) नाममात्र की पूंजी में निवेश का गठन

65. सिपला के CFO कौन है?
    (a) वॉय.के. हमीद
    (b) केदार उपाध्याय
    (c) आशीष अदुकिया
    (d) डी. राजकुमार

66. आर.बी.आई. के संबंध मे कौनसा कथन असत्य है–
    (a) यह सरकार व बैंको के लिए कार्य करता है
    (b) यह देश में मौद्रिक स्थिरता और देश में कीमत स्थिरता को बनाऐ रखता है
    (c) इसका एक उद्देश्य देश में अंशधारकों के हितो की रक्षा करना है
    (d) भारतीय रिजर्व बैंक देश में मुद्रा निर्गमित करने वाली प्रमुख

67. बडी संस्था में स्वयं सहायता समूह ऋण सेवा के साथ जुडे है जो की भारत में सूक्ष्म ऋण के प्रमुख स्त्रोत के रूप में व्यर्थ कर रहे है। यह किसकी देन है–
    (a) नाबार्ड
    (b) सिडबी
    (c) आई.डी.बी.आई
    (d) सेबी

68. निम्न में से कौनसा कथन असत्य है–
    (a) सेबी में एक चैयरमैन होता है जो की केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है
    (b) सेबी में दो सदस्य केन्द्रीय सरकार के मंत्रालय मे से नियुक्त किए जाते है।
    (c) सेबी में एक सदस्य आर.बी.आई. द्वारा अपने ही कर्मचारियों मे से एक नियुक्त किया जाता है।
    (d) सेबी में पॉच अन्य सदस्य नियुक्त किये जाते है जिनमे से 4 सदस्य पूर्णकालिक सदस्य होते है जिसे केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है।

Mittal Commerce Classes Pvt. Ltd.

69. निम्न में से कौनसा कार्य भारतीय प्रतियोगिता आयोग का नहीं है
    (a) ऐसे कार्यो को प्रोत्साहित करना जो भारत में प्रतियोगिताको हानि पहुचाते हो
    (b) बाजारों में प्रतियोगिता को बढावा देना
    (c) उपभोक्ता के हितो की रक्षा करना
    (d) व्यापार की स्वतंत्रता को बनाये रखना

70. व्यवसाय बनाने वाले उत्पादों और उत्पादों का संग्रह कहा जाता है
    (a) व्यापार विविधता
    (b) कंसोर्टियम
    (c) बिजनेस पोर्टफोलियो
    (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

71. स्वामित्व शब्द किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह को__________के उद्देश्य से संपत्ति या संपत्ति के लिए कानूनी शीर्षक प्राप्त करने के अधिकार को संदर्भित करता है।
    (a) मुनाफा कमाना
    (b) माल बेचना
    (c) व्यवसाय चलाना
    (d) समाज की सेवा करना

72. ब्याज की दरें जिन्हें ऋणदाता द्वारा अनुबंध में बदला जा सकता है, कहा जाता है
    (a) बैंक दर
    (b) प्रशासित दरें
    (c) जमा ब्याज
    (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

73. ब्याज, शेयर सूचकांक और बाजार दरों जैसे वित्तीय मापदंडों में बदलाव को कहा जाता है
    (a) जनगणना
    (b) सूचकांक
    (c) बेसिस पॉइंट
    (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

74. कभी–कभी बैंक द्वारा आवश्यक माध्यमिक सुरक्षा और ऋण दायित्व पर उधारकर्ता के प्रदर्शन की गारंटी देने का इरादा कहा जाता है
    (a) संपार्श्विक सुरक्षा
    (b) जमा का प्रमाण पत्र
    (c) जमा पर्ची
    (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

75. एक बैंक द्वारा जारी किया गया एक दस्तावेज (खरीदार या आयातक की ओर से), अपने ग्राहक द्वारा माल की खरीद के लिए एक तृतीय पक्ष (विक्रेता या निर्यातक), एक विशिष्ट राशि का भुगतान करने की अपनी प्रतिबद्धता बताते हुए, जो खरीदार कहा जाता है
    (a) प्रॉमिसरी नोट
    (b) लेटर ऑफ क्रेडिट
    (c) चेक
    (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

Mittal Commerce Classes Pvt. Ltd.

76. सीमित देयता भागीदारी अधिनियम, 2008 अधिसूचना __________ के माध्यम से प्रभावी हो गया।
(a) 31st March 2009
(b) 31st March 2010
(c) 31st March 2008
(d) 31st March 2011

77. यदि वर्तमान बैंक दर 9 प्रतिशत हैं और RBI ने 10 आधार अंकों की कमी की है, तो नई दर होगी–
(a) 8 प्रतिशत
(b) 8.10 प्रतिशत
(c) 9.10 प्रतिशत
(d) 8.90 प्रतिशत

78. बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा है –
(a) 39%
(b) 49%
(c) 29%
(d) 59%

79. निम्न में से कौनसा कथन हिन्दु अविभाजित परिवार व्यवसाय को सही परिभाषित करता है।
(a) व्यवसाय का यह तरीका केवल भारत में ही प्रचलित है
(b) सभी पारिवारिक व्यवसाय हिन्दु अविभिाजित परिवार व्यवासय होते है।
(c) हिन्दु अविभाजित परिवार व्यवसाय में केवल परिवार के सदस्य ही शामिल होते है।
(d) (a) व (c) दोनों

80. पार्टनरशिप फर्म में अधिकतम पार्टनर की संख्या–––––––––होती है।
(a) 100
(b) 50
(c) 25
(d) कोई सीमा नहीं है

81. निम्न मे से कौनसी व्यवसायिक पर्यावरण की विशेषता है
(I) पर्यावरण स्थैतिक है
(II) पर्यावरण गत्यात्मक है
(III) पर्यावरण एक मुश्किल अवधारणा है और इसके कई पहलू है।
(IV) इसकी पहुॅच अल्पकालीन है
Options
(a) Point I & III
(b) Point I, II & III
(c) Point II & IV
(d) Point II & III

82. __________एक तरीका है जिसे बाजार में भावी मॉग का अनुमान लगाया जा सकता है।
(a) Cross Marketing
(b) पूर्वानुमान
(c) बाजार का विकास
(d) Internate Marketing

Mittal Commerce Classes Pvt. Ltd.

83. प्रवृत्तियों का अर्थ है
    (a) बाह्य पर्यावरण में होने वाली घटनाऐ
    (b) समान या सम्बन्धित घटनाऐ
    (c) रूचि समूह द्वारा मॉग उत्पन्न करना
    (d) उपरोक्त सभी

84. आयकर अधिनियम के तहत, A HUF इससे आय अर्जित नहीं कर सकता है:
    (a) घर की संपत्ति
    (b) वेतन
    (c) मुनाफे
    (d) अन्य स्त्रोत

85. PESTLE__________वातावरण की व्याख्या करता है–
    (a) सूक्ष्म
    (b) सम्रग
    (c) वास्तविक
    (d) भौतिक

86. निम्न में से कौनसा उदारीकरण का एक प्रभाव है?
    (a) विनिवेश
    (b) विदेशी प्रत्यक्ष निवेश
    (c) सार्वजनिक क्षेत्र की इकाईयों का तीव्र विकास
    (d) उपरोक्त सभी

87. पर्यावरण उत्पन्न करता है :–
    (a) अवसर प्रोत्साहन और पुरस्कार
    (b) बाधाऐं, खतरे और प्रतिबन्ध
    (c) (a) तथा (b) दोनों
    (d) या तो (a) या (b)

88. संगठन के पर्यावरण के खतरों और अवसरों का विश्लेषण करने की प्रक्रिया को निम्नानुसार वर्गीकृत किया गया है–
    (a) पर्यावरणीय प्रभाव
    (b) पर्यावरण अर्थशास्त्र
    (c) पर्यावरण नियोजन
    (d) पर्यावरणीय स्कैनिंग

89. OCBs का अर्थ है :–
    (a) Overseas Corporate Bodies
    (b) Ordnance Commission Bilateral secretariat
    (c) Oversees Civic Boards
    (d) Oversees Commercial Bilateral Treaties

90. ADR का अर्थ है:
    (a) American Deficit Record
    (b) American Depository Receipt
    (c) Asset Depreciation Record
    (d) Asset Depository Receipt

Mittal Commerce Classes Pvt. Ltd.

91. SEBI की स्थापना कब हुई थी ?
(a) 1988
(b) 1990
(c) 1986
(d) 1989

92. निम्न में से किसमें हिन्दू अविभाजित परिवार, व्यवसाय नहीं पाया जाताः
(a) हिन्दू और सिख परिवार
(b) जैन परिवार
(c) बौद्ध परिवार
(d) मुस्लिम परिवार

93. निम्न सभी व्यष्टि के घटक है, सिवाय———————
(a) उपभोक्ता
(b) पूर्तिकर्ता
(c) प्रतिस्पर्धी
(d) तकनीकी

94. Bear एक ऐसी स्थिति है जिसमें :—
(a) शेयर बाजार के खिलाड़ी निराशावादी है
(b) शेयर बाजार में शेयर की कीमतें या निवेश पर प्रत्यायें घटने वाली हैं
(c) कीमतें घटने वाली हैं तथा अधिकतर व्यक्ति अपने पास रखे हुए शेयर्स को मूल्य घटने से पहले बेचने वाले हैं
(d) उपरोक्त सभी

95. Apple के Chairman कौन हैं?
(a) Arthur D. Levinson
(b) Tim Cook
(c) Luca Maestri
(d) Stephen Squeri

96. HDFC Bank के Chairman कौन हैं?
(a) Sashidhar Jagdishan
(b) Srinivasan Vaidyanathan
(c) Atanu Chakraborty
(d) Sandeep Kumar Gupta

97. Infosys के CFO कौन हैं?
(a) Nandan Nilekani
(b) Salil Parekh
(c) Sanjay Kaushal
(d) Nilanjan Roy

98. Wipro Limited के CEO कौन हैं?
(a) Thierry Delaporte
(b) Rishad Premji
(c) Aparna Iyer
(d) Saurabh Agarwal

Mittal Commerce Classes Pvt. Ltd.

99. IBM Corporation के Chairman कौन हैं?
 (a) Enrique Lores
 (b) Arvind Krishna
 (c) Andy Jassy
 (d) Denis Coleman

100. निम्न में से कौनसा कथन सत्य है:
 (a) SEBI ने अपना कार्य 30 जनवरी 1992 से प्रारंभ किया
 (b) IRDA एक्ट संसद में पारित किया गया था
 (c) NABARD की स्थापना 1982 में हुई थी
 (d) उपरोक्त सभी

—**—

Mittal Commerce Classes Pvt. Ltd.